खबर संक्षेप

इंडिया स्किल प्रतियोगिता के लिए 15 सितंबर तक पंजीयन

मण्डला। युवाओं को अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का अवसर देने के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के तत्वाधान में इंडिया स्किल प्रतियोगिता 2026-28 के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू हो गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक युवा स्किल इंडिया डिजिटल पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को पहले जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करनी होगी। इसके बाद चयनित प्रतिभागी राज्य, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवाओं का चयन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए उम्मीदवार की जन्मतिथि 1 जनवरी 2006 या उसके बाद की होना आवश्यक है। वहीं क्लाउड कम्प्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी और इंडस्ट्री 4.0 जैसी कुछ आधुनिक स्किल्स के लिए आयु सीमा में छूट दी गई है। इन स्किल्स में भाग लेने के लिए 1 जनवरी 2003 या उसके बाद जन्मे युवा पात्र होंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए किसी शैक्षणिक अथवा तकनीकी योग्यता की अनिवार्यता नहीं है। इंडिया स्किल प्रतियोगिता में रोबोटिक्स, क्लाउड कम्प्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, वेब टेक्नोलॉजी, वेल्डिंग, कारपेंट्री, कुकिंग, फैशन टेक्नोलॉजी, बेकरी और ऑटोमोबाइल सहित 63 इंडस्ट्री-रेडी स्किल्स शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बनने वाले युवाओं को वर्ष 2028 में जापान के आइची में आयोजित वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

बीजाडांडी में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शिविर का हुआ आयोजन

अंतिम छोर के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना लक्ष्य

*** वैकल्पिक कृषि से आय का खुल रहा है रास्ता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत विकासखंड बीजाडांडी में गुरुवार को शिविर आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत बीजाडांडी के मंगल भवन में आयोजित इस शिविर को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि सरकार ने लोगों की समस्याओं का निराकरण उनके बीच पहुंचकर किस प्रकार किया जाए, इसी सोच के साथ यह अभियान प्रारंभ किया है। सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे। अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाना हमारा लक्ष्य है और शासन-प्रशासन लगातार इस दिशा में कार्य कर रहा है। योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ उनकी मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी भी हमारी है, इसी मंशा के साथ खंड स्तर पर शिविरों के माध्यम से शासन-प्रशासन आपके बीच पहुंच रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हमारी सरकार लगातार प्रदेशवासियों के हित में नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें धरातल पर उतार रही है।

कार्यक्रम में निवास विधायक चैनसिंह वरकड़े ने कहा कि शिविर में शासन के अलग-अलग विभागों की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिले में कृषकों को परंपरागत फसलों के साथ-साथ नकदी फसलों की खेती से जोड़ने का नवाचार प्रारंभ किया गया है। पांच प्रकार की नई फसलों से किसानों को जोड़ने से वैकल्पिक कृषि से आय का रास्ता खुल रहा है। उन्होंने काली तुलसी, अश्वगंधा, चिया सीड, मशरूम और मुनगा की खेती से जुड़कर अतिरिक्त आय प्राप्त करने का आह्वान किया। विधायक श्री वरकड़े ने कहा कि ये योजनाएं तभी फलीभूत होंगी जब कृषक स्वेच्छा से इनसे जुड़ेंगे, थोपने वाली गतिविधियों में सफलता नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अनुसार खाद्यान्न समय पर मिलना चाहिए। खाद्यान्न वितरण को लेकर शिकायतें आती हैं। विकासखंड में बहुत से विद्यालय भवन जर्जर हैं, इनके स्थान पर नवीन भवन का निर्माण अथवा मरम्मत कराई जानी चाहिए।

आजीविका मिशन की बहनों के लिए उदयपुर में हमने विधायक निधि से शेड निर्माण के लिए राशि दी है। विकासखंड में ऐसे बहुत से महिला ग्राम संगठन हैं, उनके लिए भी वर्किंग शेड बनने से बहनों को लाभ होगा।

विभागीय समीक्षा के बाद हुआ जनसंवाद, उद्यमियों से हुई चर्चा

शिविर में जनसंवाद के साथ-साथ क्षेत्र के उद्यमियों और व्यापारियों से भी चर्चा की गई। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कृषि, उद्यानिकी, एनआरएलएम, स्वास्थ्य, वित्त, श्रम, जनजातीय कार्य, पशुपालन सहित अन्य विभागीय जिला अधिकारियों ने योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उद्यम क्रांति योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, फार्मर आईडी, ई-टोकन, उर्वरक उपलब्धता, घर तक उर्वरक पहुंचाना, मुद्रा योजना, संबल योजना, श्रमयोगी मानधन योजना, अनुग्रह सहायता, डेयरी प्लस योजना, आचार्य विद्यासागर योजना, बकरी पालन, सूकर पालन, कुक्कुट पालन, अश्वगंधा, चिया सीड, मशरूम, काली तुलसी तथा मुनगा की खेती के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। समापन अवसर पर विभिन्न योजनाओं के हितलाभ मंचासीन अतिथियों द्वारा वितरित किए गए। आम नागरिकों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए, कलेक्टर श्री धोटे ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समुचित निराकरण के निर्देश दिए।

सीएम हेल्पलाइन समाधान के साथ हुई विभागीय समीक्षा

जनसंवाद शिविर से पूर्व कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने विभागीय समीक्षा बैठक ली। पंचायतवार और योजनावार समीक्षा कर कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। पीडीएस दुकानों, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। सभी पटवारियों को नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती और फार्मर आईडी बनाने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। जिला स्तरीय समाधान ऑनलाइन में चयनित 10 शिकायतों की सघन समीक्षा भी की गई।

शिविर में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश रघुवंशी, वनमंडलाधिकारी श्री एम.एस. मौर्य, सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, एसडीएम निवास श्री सी.एल. वर्मा सहित सभी जिलाधिकारी व खंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

प्राचार्य की अनुपस्थिति से विद्यालय की व्यवस्था पर उठे सवाल

*** एक हजार से अधिक विद्यार्थियों वाले सांदीपनि विद्यालय घुटास में निष्पक्ष जांच की मांग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

विकासखंड मवई के शासकीय सांदीपनि विद्यालय घुटास में प्राचार्य की नियमित अनुपस्थिति को लेकर विद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न गहराने लगे हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राचार्य जनवरी 2026 से विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

कक्षा 6वीं से 12वीं तक संचालित इस शिक्षण संस्थान में एक हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत बताए जा रहे हैं। इतने विशाल विद्यार्थी समुदाय वाले विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, अनुशासन और प्रशासनिक संचालन में प्राचार्य की भूमिका धुरी के समान होती है। ऐसे में लंबे समय से प्राचार्य की अनुपस्थिति ने विद्यालय की व्यवस्थाओं को लेकर स्वाभाविक रूप से सवाल खड़े कर दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार प्राचार्य की अनियमित उपस्थिति का प्रभाव विद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों पर पड़ने की चर्चा है। वहीं विद्यार्थियों के अभिभावकों के बीच भी इस स्थिति को लेकर चिंता की लहर देखी जा रही है। शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले संस्थान में नेतृत्व की नियमित उपस्थिति को व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक माना जाता है।

मामले की वास्तविकता सामने लाने के लिए शिक्षा विभाग से विद्यालय की उपस्थिति पंजिका, अवकाश संबंधी अभिलेख एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठ रही है। यदि जांच में लंबे समय से अनियमित अनुपस्थिति की पुष्टि होती है तो नियमानुसार विभागीय कार्रवाई किए जाने की अपेक्षा भी की जा रही है।

अब देखना यह होगा कि एक हजार से अधिक विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े इस विषय पर शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन कितनी गंभीरता से संज्ञान लेते हैं। विद्यालय की शैक्षणिक गरिमा और प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए समय रहते ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

सीईओ जिला पंचायत ने किया बीजाडाण्डी क्षेत्र का भ्रमण

*** स्वास्थ्य, खाद्यान्न वितरण, शिक्षा और आजीविका संवर्धन का लिया जायजा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत विकासखंड बीजाडाण्डी में गुरुवार को आयोजित शिविर से पूर्व सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना ने विकासखंड क्षेत्र का सघन भ्रमण किया। यहाँ उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्यान्न वितरण और आजीविका जैसी बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया।

भ्रमण की शुरुआत धनवाही में निर्माणाधीन आईटीआई भवन से हुई। सीईओ श्री मीना ने निर्देश दिए कि कैंपस में बन रहे आईटीआई भवन के साथ-साथ बालिका, बालक छात्रावास और आवास भवनों का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। भवन में मुख्य द्वार की ओर से एप्रोच रोड का निर्माण करें। ईई पीआईयू श्री पारस सिंह ने बताया कि सभी बिल्डिंग दिसंबर 2026 तक पूर्ण की जानी हैं। प्राचार्य श्रीमती मनीषा भूरिया ने बताया कि भवन पूर्ण होने पर अगले सत्र से 6 ट्रेड्स में प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। ग्राम धनवाही की उचित मूल्य दुकान पर सीईओ ने राशन की उपलब्धता और वितरण की जानकारी ली।

409 कार्डधारियों में से केवल 147 को राशन वितरण होने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि गांव में सभी कार्डधारियों को सूचना पहुंचाकर दोनों माह का राशन समय पर वितरित करें। वितरण पंजी अद्यतन रखने और अक्रियाशील कार्डों को ट्रेस करने के निर्देश भी दिए। उप स्वास्थ्य केन्द्र धनवाही में उन्होंने ओपीडी, गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की समीक्षा की। मौसमी बीमारियों के मद्देनजर निर्देश दिए कि यदि दैनिक ओपीडी में बच्चों की संख्या लगातार बढ़ती है तो तुरंत बीएमओ और तहसीलदार को सूचित किया जाए। परिसर में उन्होंने आजीविका ग्राम संगठन की महिलाओं से मुलाकात कर उनके उत्पादों की बिक्री उत्पादक समूहों और प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से बढ़ाने का सुझाव दिया। सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास बीजाडाण्डी में पेयजल, रसोई और भोजन कक्ष का निरीक्षण किया। भोजन कक्ष में छत से पानी टपकने और खिड़की से पानी आने की समस्या को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। छात्रावास में 50 बालकों के विरुद्ध गुरुवार को केवल 7 छात्र उपस्थित मिले, जिस पर अधीक्षक ने पर्व के कारण घर जाने की जानकारी दी। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीजाडाण्डी में मरीज पंजीकरण, ओपीडी, टीकाकरण, मेल वार्ड, मेटरनिटी वार्ड, दवा वितरण, आयुष्मान कक्ष और स्टोर का बारीकी से निरीक्षण कर दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने और आयुष्मान क्लेम समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों और अन्य सुविधाओं पर फीडबैक लिया।

गांव की बेटी शालनी का मेडिकल कॉलेज सिवनी में चयन

*** मेडिकल की शिक्षा प्राप्त कर शालनी का डॉक्टर बनने का सपना हुआ साकार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

बिछिया क्षेत्र ग्राम बाबाटोला (देई) निवासी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमारी शालनी कुशराम ने सत्र 2024_25 में विद्यालय में उत्कृष्ट स्थान अर्जित कर शाला का गौरव बढ़ाया था, उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के कारण छात्रा का चयन NEET 2026 में हुआ, कुमारी शालनी कुशराम ने अपनी मेहनत लगन और समर्पण से आगे सफलता प्राप्त करते हुए उनका शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी में प्रवेश प्राप्त किया , एक सामान्य परिवार में रहते हुए छात्रा शालनी मेडिकल कॉलेज सिवनी में प्रवेश प्राप्त किया, कुमारी शालनी बाबाटोला निवासी राजाराम कुशराम जो इलेक्ट्रीशियन का काम करते हैं वहीं मां विद्यावती कुशराम हाउस वाइफ है की बेटी है, शालनी ने प्राथमिक शिक्षा ग्राम के प्राथमिक शाला बाबाटोला में माध्यमिक शिक्षा माध्यमिक शाला राजों में ओर हेयरसेकेंड्री की शिक्षा गोवरमेट हायर सेकेंड्री स्कूल बिछिया में प्राप्त कर शाला का गौरव बढ़ाया छात्र के मेडिकल कॉलेज सिवनी में चयन के बाद ग्राम सहित उत्कृष्ट विधालय की प्राचार्य अरुणा दीक्षित, सुनीता मरावी, दिव्या मरावी रेवती मसराम मंजुलता श्रीवार्ती, आसित लोध, मुकेश साहू प्रवीण बैरागी, संजीव कार्ति केय, नीरज मांडवे, आदित्य मिश्रा, जे पी कछवाहा, कल्पना पांडे सहित समस्त विद्यालय शिक्षक परिवार ने शालनी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

संवाद

पीएचई मंत्री ने आरडी कॉलेज, मंडला में खेलो इंडिया संवाद में की सहभागिता।

नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है खेल

*** केबिनेट मंत्री युवाओ एवं खिलाड़ियों से किया संवाद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंडला में आयोजित “खेलो इंडिया संवाद” कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुना और उपस्थित खिलाड़ियों व युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को लेकर एक नई सोच का निर्माण हुआ है, जिसने ग्रामीण व शहरी युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का नया अवसर, मंच और अटूट विश्वास दिया है।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि हम सभी को मिलकर एक ऐसी मजबूत खेल संस्कृति का निर्माण करना है, जहाँ गांवों और छोटे शहरों की छिपी हुई प्रतिभाओं को अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के पर्याप्त अवसर मिल सकें। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मैदान में मिली हार हमें रुकना नहीं, बल्कि नई ऊर्जा के साथ पुनः आगे बढ़ना सिखाती है। यही जज्बा एक सशक्त, समर्थ और आत्मविश्वासी भारत की नींव रखता है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने भी उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए जीवन में खेलों के महत्व और केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए किये जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया।

कार्यक्रम में खेल जगत से जुड़े तीन खिलाड़ी भी युवा प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहे। इनमें अंतर्राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी तुषार चौधरी, राष्ट्रीय स्तर के खो-खो खिलाड़ी रघुवेंद्र सैय्याम और तनु यादव शामिल रहे। खिलाड़ियों ने युवाओं के बीच अपनी उपस्थिति से खेल और युवा शक्ति के प्रति प्रेरणा का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं ने नशामुक्त भारत की शपथ भी ली। युवाओं ने स्वयं नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान श्री जयदत्त झा, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश रघुवंशी, अपर कलेक्टर श्री हुनेन्द्र घोरमारे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री बीएल झारिया, महाविद्यालय के प्राचार्य, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में युवा व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

बिछिया के गांधी चौक में गूंजी महंगाई के खिलाफ जनता की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया द्वारा अत्याधिक बढ़ती महंगाई, शक्कर के दो गुने दाम, मिलावटी पेट्रोल, महंगाई की मार के चलते मंहगाई के खिलाफ जनता की आवाज कार्यक्रम का आयोजन मुख्य बाजार स्थल गांधी जी की प्रतिमा के सामने एक दिवसीय शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया।

मंहगाई के खिलाफ जनता की आवाज कार्यक्रम के दौरान खटोला माड़मऊ के ज्ञानी यादव, काशीराम परते नंद कुमार यादव मंगल सिंह बदरिया लमतू धुर्वे अगहन सिंह धुर्वे मान सिंह परते अर्जुन यादव ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस में शामिल होने वाले इन कार्यकर्ताओं ने बताया कि वह भाजपा की दमन कारी नीतियों से परेशान होकर कांग्रेस का दामन थामा है।

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता जोश सिंह ठाकुर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, नगर परिषद उपाध्यक्ष रानू राजपूत, झुन्ना ठाकुर, टेकराम राय, जनपद सदस्य रागनी परते जनपद सदस्य मंडलम एवं सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष मेवा धुर्वे पार्षद नरेंद्र धुर्वे पार्षद विकास ग्वले अशोक ज्योतिषी डमरू राजपूत नीरज मिश्रा मुकेश गोस्वामी अक्षत झारिया चमन यादव मंडलम अध्यक्ष रोशन भवेदी ज्ञानी लाल मरावी घनश्याम अहिरवार दादू लाल जंघेला हरिश्चंद्र धुर्वे लाला यादव राम मरावी रोशन धुर्वे माखन लाल मरकाम राजकुमार यादव शिव प्रसाद देव कुमार यादव दादू लाल जँघेला कलीराम मार्को लखन आयाम नारद यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शहर के बाजार में छायी सावन की रौनक, रंगी बिरंगी राखियों से सजी दुकानों के बीच वाहनों की धमाचौकड़ी बनी परेशानी का कारण, ट्रेनों से लेकर बसों में देखने मिल रहा है भीड़ का आलम

आज विशेष शुभ मुहुर्त में मनेगा रक्षाबंधन का पर्व

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। भाई, बहिन के अटूट स्नेह का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन का त्यौहार आज शुक्रवार को शहर में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। गौरतलब है कि इस समय रक्षा बंधन पर्व की तैयारियों को लेकर घरों में जहां महिलाये अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगा उनकी कलाईयों पर रंगबिरंगी राखियाँ बांधने उत्साहित होकर बहिनों ने उमंग, उल्लास के साथ रक्षा बंधन मनाने की तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई है। वही बाजार में राखियाँ, किराना सामग्री, उपहार का सामान, रेडीमेड व मिठाईयों तथा फल खरीदने वाले लोगों की ढलती शाम तक भी उमड़ते हुये देखी जा रही थी तो दूसरी ओर ट्रेनों व बसों में इस समय जिस प्रकार से भीड़ का आलम देखने मिल रहा है कि लोगों को यात्रा करना मुश्किल दिखाई देने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि इस समय जो लोग बाहर रह रहे है वह अपने घरों को वापिस आ रहे है। वही दूसरी ओर बहिने भी अपने भाईयों की कलाई पर राखी बंधने के लिये अपने भाईयों के घर पहुंच रही है। इस हाल में जहां ट्रेनों से लेकर बसे यात्रियों की भीड़ के बीच फुल चल रही है। वही दूसरी ओर जहां बाहर के लोग रक्षा बंधन के चलते अपने घरों को जाने के लिए बेकरार दिखाई दे रहे है और वह सोच रहे है कि जो भी ट्रेन या बस मिले उसी से निकलना उचित समझ रहे है। वही दूसरी ओर बाहर पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं का वापिस आने के चलते बीते हुए दो दिनों से ही शुरू हो गया था, जिसके चलते बीते हुये दो दिनों से ट्रेने व बसे के साथ साथ निजी वाहन तक बुकिंग के चलते फुल चल रहे है। नगर के रेलवे स्टेशन पर बुधवार व गुरूवार की सुबह का आलम इस प्रकार से देखने मिल रहा था कि टिकिट लेने वालों की लम्बी लाईन लगी रही। ज्ञातव्य है कि भाई बहिन के प्रेम का प्रतीक यह पर्व हिन्दू, जैन धर्मावलंबी उत्साह से हर वर्ष मनाते है। मान्यता है कि देवताओं के गुरू वृहस्पति ने ही देवराज इंद्र को असुरों पर विजय पाने के लिए रक्षा बंधन पर्व मनाने का सुझाव दिया था तभी से रक्षा बंधन पर्व मनाने की परम्परा चल रही है। हिन्दू धर्म में रक्षा बंधन पर्व मनाने का खास महत्व इसलिए है कि बहिन द्वारा भाई की कलाई में रक्षासूत्र बांधने के साथ भाई से बहिन जीवन भर संरक्षण, सम्मान की रक्षा का वचन मांगती है और बदले में भाई अपनी बहिन को उपहार भेंट कर उसके चरणों में नमन कर बहिनों के अंतर्मन में नया उल्लास भरते है। शहर के ज्योतिषों द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि सौभाग्य से इस वर्ष रक्षा बंधन का त्यौहार शुभ दिन शुक्रवार यानि की माँ वैभव लक्ष्मी व माँ संतोषी के प्रिय दिवस को पड़ रहा है। क्योंकि यह दिन काफी शुव व देवता का प्रिय माना जाता है और पूरे सावन मास में लोग शिवजी की आराधना में लीन रहते है। इस साल बडे ही सौभाग्य है। क्योंकि जहां श्रावण मास की शुरूआत भगवान विष्णु जी के प्रिय दिवस गुरूवार के दिन से हुई थी और आज समापन माँ लक्ष्मी व माँ संतोषी के आर्शीवाद के साथ समाप्त होने जा रहा है। इतना ही नही इस बार श्रावण मास में चार सोमवार पड़ना निश्चित तौर से काफी शुभकारी बताये जा रहे है। श्रावण मास में पड़े हुये चारों सोमवार को जहां नगर की शिवजी की भक्ति में लीन होकर लोगों को भोलेनाथ की आराधना करते हुये देखा गया।

दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में गौवंशी की सुरक्षा को लेकर करणी सेना सहित सामाजिक संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। नगर सहित क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह से बेलगाम गति से भारी भरकम वाहनों की धमाचौकड़ी देखने मिल रही है उसके चलते जहां सड़के तो टूट ही रही है। वही दूसरी ओर स्कूली बच्चों सहित आमजन मूंग पशुओं की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक रही है। इस बात की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ सेठान तिरहा के पास उस समय देखने मिली चुकी है जब एक बेलगाम डम्फर चालक द्वारा गौवंश के ऊपर डम्फर चढ़ाते हुये गौबंस की मौत की नींद सुला दिया गया। इस तरह वाहनों से लेकर आमजन की लापरवाही के चलते लगातार गौवंश की मौत होने के बाद भी प्रशासन तंत्र कुंभकर्णी निंद्रा में दिखाई देने से नही चूक रहा है। कुछ माह पहले गाडरवारा डमरूघाटी के पास एक शादी समारोह के दौरान फेके गये खाद्यय पदार्थ के चलते एक दर्जन गायों की मौत पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला तो कायम किया गया था। मगर हमारे जिले की पुलिस द्वारा जिस प्रकार से आरोपियों को पकड़ने के लिये जादू की छड़ी घुमाते हुये चंद घंटो के अंदर सफलता पा लेती है। मगर उस घटना के आरोपियों की खोज करने में आज तक सफल न होना इस बात की ओर संकेत देने से नही चूक रहा है कि शायद गौवंश के हत्यारे पर कार्यवाही करने में पुलिस द्वारा लक्ष्मी पूजन के चलते अपने हाथ खड़े कर दिये गये है...? जब की उस घटना कैसे हुई और इसका जिम्मेदार कौन था सभी लोग जानते है मगर इसके बाद कार्यवाही न होना निश्चित तौर से गौमाता की शराब घटना के जिम्मेदार व चुप्पी साधने वाले लोगों को इस तरह से लगेगी कि जिसकी कल्पना कर पाना भी शायद संभव नही हो पायेगा..? इस प्रकार से बीते हुये दिवस सांईखेडा थाना क्षेत्र में घटित हुई इस घटना में आधा दर्जन गौवंश की मौत को लेकर पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन चालक पर मामला कायम करते हुये अपनी औपचारिता तो पूर्ण कर ली गई है। मगर वाहन चालको की मनमानी पर अंकुश नजर नही आने से आम लोगों में आक्रोश दिखाई देने से नही चूक पा रहा है..? इसी के चलते बीते हुये दिवस करणी सेना एवं सामाजिक संगठन ने सड़क हादसे में मृत गौ माता से आहत होकर भारी वाहनों पर कार्यवाही को लेकर ज्ञापन सौपा गया है। सौपे गये ज्ञापन में मांग की गई है कि साईं खेड़ा के मुख्य मार्ग एवं स्टेट हाईवे 44 की संयुक्त राजस्व एवं नगर परिषद टीम से सीमांकन निरीक्षण कर कर समस्त अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाया जावे तथा अतिक्रमणकारियों को नियमानुसार नोटिस देकर मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम एवं अन्य लागू प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जावे। वही स्टेट हाईवे-44 पर भारी वाहनों की गति, फिटनेस, परमिट एवं चालक की जांच के लिए नियमित अभियान चलाया जाए। वही दूसरी ओर गाडरवारा स्टेशन चौराहा सहित दुर्घटना संभावित स्थानों पर सीसीटीवी, पर्याप्त प्रकाश, गति सीमा एवं चेतावनी संकेतक लगाए जावे तथा रात्रि में भारी वाहनों की विशेष चेकिंग तथा नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जावे। वही दूसरी ओर एनटीपीसी एवं अन्य परियोजनाओं से जुड़े भारी वाहनों के संचालकों/ठेकेदारों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन हेतु जवाबदेह बनाया जाए। करणी सेना सहित आमजन का कहना है कि यह मामला केवल गौ वंश की मृत्यु का नहीं बल्कि साईं खेड़ा के नागरिकों के जीवन एवं सार्वजनिक मार्ग की सुरक्षा का प्रश्न है। प्रशासन द्वारा समय पर कार्यवाही कर मुख मार्ग को अतिक्रमण मुक्त एवं यातायात को सुरक्षित बनाया जाना जनहित में अत्यंत आवश्यक है। ज्ञापन सौपने के दौरान मुख्य रूप से राकेश शर्मा, चंद्रपाल राजपूत, आनन्द राजपूत, राकेश खेमरिया, आनंद अवस्थी, अनुराग शर्मा, अनिल मिढोतिया, नितिन तिवारी, विषेश अवधिया, नितिन राजपूत, बृजेश राजपूत, नीलेश तोमर, कमलेश अवधिया, लक्ष्मीकात मेहरा, राजीव गुर्जर, पवन राजपूत,भावानी राजपूत, शिवू राजपूत, नितेश राजपूत, दीपू राजपूत, गुलजार राजपूत, प्रति पाल राजपूत, यशवंत राजपूत, दुर्गेश राजपूत, गुलाब राजपूत सहित सैकड़ो आमजन मौजूद थें।

नगर में खुलेआम बिकते हुये दिखाई दे रही मिलावटी खोवा सहित प्रदूषित मिठाईया, संबंधित विभाग की कार्यवाही मात्र औपचारिकतापूर्ण...?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। रक्षा बंधन त्यौहार के मौके पर नगर में जहां तहां मिठाईयों सहित अन्य प्रकार की सामग्री की दुकाने सजी हुई देखी जा रही है। मगर इन दुकानों पर सजी हुई सामग्री की जांच करने के नाम पर जिस तरह संबंधित विभाग द्वारा गुप्त रूप से निरीक्षण की औपचारिकता निभाई जा रही है कि उसके चलते जहां अधिकारियों की भूमिका सबालों के घेरे में आने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर त्योहरों के अवसर पर आमजन की जिन्दगी को खतरा पैदा होने से नही बच पा रहा है। पूर्व में देखा जाता था कि त्यौहार आने के पहले संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा नगर में स्थिति मिठाई दुकानों के निर्माण होने वाले स्थलों का मीडिया को अपने साथ रखते हुये छापा मार कार्यवाही की जाती थी। इस तरह की कार्यवाही के चलते जहां इन मिठाई बानने वाले लोगों के अंदर की गुणवत्ता की कहानी उभर कर सामने आने से नही बच पाती थी। वही दूसरी ओर खाद्य विभाग के अधिकारियों की कार्यवाही भी पूर्णरूप से निःक्षपता के साथ परिपूर्ण रहते हुये देखी जाती थी। मगर अब हाल यह बना हुआ है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा जिस तरह मीडिया से दूरी बनाते हुये मारे जाने वाले छापों के चलते जहां मिठाई दुकानदारों द्वारा निर्माण किये जाने वाली सच्चाई आम जनता के बीच उजागर नही हो पा रही है। वही दूसरी ओर अधिकारियों की निःष्पक्षता पर भी सबाल खड़े होने से नही बच पा रहे है..? हाल यह बना हुआ है कि नगर में दिनों दिन मिठाई दुकाने सजने से नही चूक रही है। कांच के अंदर सजी हुई मिठाईयों की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो कई दिन पहले तैयार की गई इन मिठाईयों पर फफूंद आने के बाद पुनः उन्हे की गर्म करते हुये नया स्वरूप देने की चर्चाये आम हो चुकी है..? इस तरह मिठाई दुकानों की कमाई से जहां दुकानदारों से लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी दिन दिन लक्ष्मी पूजन करते हुये लखपति बनते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी ओर आमजन की जिन्दगी खतरे में दिखाई देने से नही चूक पा रही है..? हाल यह बना हुआ है कि इन मिठाईयों के निर्माण स्थल की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जहां गंदगी से परिपूर्ण होने के बाद बाहर से कई क्विटल खोबा बुलाते हुये रंगी बिरंगी मिठाईयों का निर्माण करते हुये आमजन की जिन्दगी से खिलाबड़ करने में पीछे दिखाई देने से नही चूक रहे है..? मगर संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही के नाम पर निभाई जाने वाली औपचारिकता के चलते इन मिठाई दुकानदारों के हौसले बुलंद होने से नही चूक पा रहे है।

निर्मल ग्रामों की बर्बादी, कमीशन की आड़ में आंखे बंद किये हुए अधिकारी?

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। देश को विकास और समृद्धि की ओर अग्रसर करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के तहत गांव को साफ सुधरा और हरा भरा बनाने की कवायद में है और इसके लिए शासन प्रशासन निर्मल ग्राम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, इसके लिए समय समय पर गांव को चयानित कर वहां पर लाखो करोड़ो रूपये की राशि खर्च की जा रही है जिसमें गांव के प्रत्येक परिवारो के घरो में शौचालय बनाये गये है। वही दूसरी ओर गांव में पक्की नालियां सड़क और कुडादान व जल स्त्रोतो को साफ सुधरा बनाया जाना है और इसकी देख रेख के लिए जिला स्तर पर हर ब्लाक में अलग से कर्मचारी भी नियुक्त किये गये है जिन्हे वेतन के रूप में मोटी रकम और भ्रमण करने के लिए वाहन उपलब्ध कराये गये है। लेकिन ये अधिकारी कर्मचारी आफिसों में बैठे बैठे ही योजना का संचालन कर रहे है और इसका परिणाम यह देखने में आ रहा है कि गांव में बनायी गई सड़के एक चंद वर्षो में ही पूरी तरह उखड़ चुकी है। वही पूर्व के समय में गांवों में बनाये गये शौचालय की स्थिति भी इसी प्रकार से देखने मिल रही है कि वह कचरो एवं कूडादानो में तब्दील हो गये है तो हजारों रूपया की लागत से बनाये गये कचरा घर टूट गये है, जल स्त्रोतो के समीप हरी घासे एवं दलदल निर्मित हो गयी है, इसके बाबजूद शासन द्वारा इन निर्मल ग्रामो को पुरूस्कार द्वारा नवाजा गया है, जिसमें लाखो रूपये की इनाम राशि को भी सरपंच सचिवो ने डकार ली? यदि इन गांवों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचायते तो इस प्रकार की जहां पर लोग आज भी शौच के लिए बाहर जाते हुए नजर आते है और दूसरी ओर सड़कों की गुणवत्ता को दरकिनार करते हुए कमीशन की आड़ में अधिकारियों द्वारा उन्हें पास कर दिया गया है जो चंद दिनों के बाद

बस्ता के बोझ तले दबी मासूमों की जिन्दगी, माँ को सिर पर वजन ले जाने की मजबूरी...

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। भले की सरकार द्वारा स्कूली बच्चों के बढ़ते हुये बस्ते के बोझ को कम करने की बात कही जा रही है। मगर चल रहे शिक्षा सत्र के दौरान जिस तरह बच्चों को अपने कंधों पर बस्ते का बोझ लादकर ले जाते हुये देखा जा रहा है वह सरकार के दावों की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। यह सच्चाई मात्र निजी स्कूलों की ही नही है बल्कि शासकीय स्कूलों में अध्ययन करने वाले मासूम छात्र छात्रायें भी देखने मिल रही है जो इस बस्ते के बीच के नीचे दबने में पीछे नही रह रहे है..? इस बात की सच्चाई बीते हुये दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा के एक शासकीय स्कूल परिसर में उस समय देखने मिली जब अपने मासूम बच्चों के बस्ते का बोझ लेकर उनको चलने की असमर्थता के चलते माँ खुद अपने मासूमों के बस्तों को सिर पर लेकर स्कूल तक छोड़ने के लिये जाते हुये देखा गया। बताया जाता है कि यह हाल सभी मासूम बच्चों का बना हुआ है। इस स्थिति में स्कूलों तक इन बच्चों को छोड़ने के लिये अभिभावकों की मजबूरी बन चुकी है। क्योंकि भले ही बच्चों को वह स्कूल किसी साधन के माध्यम से भेज सकते है। मगर वाहन से उतरने के बाद कक्षा के अंदर जाने के लिये व छुट्टी होने के बाद बाहर तक आने के दौरान भी बस्ते का बोझ यह मासूम संभालने में असहाय होने के कारण अभिभावक बच्चों के बोच को खुद ही लादकर ले जाने के लिये मजबूर होते हुये देखे जा रहे है।

लगातार बढ़ रही महंगाई के विरोध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में निकाली जन आक्रोश रैली, विरोध प्रदर्शन करते हुये सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। दिनों दिन बढ़ रही महंगाई का परिणाम है कि गरीब व मध्यम वर्ग को दो वक्त की रोजी मुश्किल होने लगी है। भले ही सरकार द्वारा अपने आपको को गरीबों की सरकार बताते हुये योजनाओं के नाम पर मिठास भरी बाते करते हुये देखी जा रही है। मगर दूसरी ओर महंगाई का हाल यह बना हुआ है कि अब लोगों के घरों की खुशिया छीन ली गई है। मुख्य रूप से देखा जावे तो खाने की सामग्री में तेल, शक्कर सहित अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री के दामों में अचानक हुई बढ़ोत्तरी ने गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को हलाकान करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। इस तरह दिनों दिन बढ़ती हुई महंगाई के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जन आक्रोश रैली निकाली गई। इस तरह जिला अध्यक्ष सुनीता पटैल के नेतृत्व में निकाली गई इस जन आक्रोश रैली में कांग्रेस नेता कंधे पर गैस सिलेंडर और हाथों में महंगाई के विरोध में लिखी तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुये देखे गये। जिस तरह शक्कर के दामों में अचानक इजाफा होने के चलते रक्षा बंधन त्यौहार की खुशी को गायब कर दिया गया है। इस प्रकार बीते हुये गुरूवार रक्षा बंधन पर्व के एक दिन पहले जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनीता पटेल के नेतृत्व में निकाली गई यह रैली नगर के पुरानी गल्ला मंडी से शुरू हुई जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुये झंडा चौक, शक्ति चौक, महावीर भवन, पानी की टंकी होते हुए पलोटन गंज पहुची वहां पर सभा के रूप में परिवर्तित हो गई। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनीता पटेल ने कहा कि भाजपा के शासन में महंगाई चरम सीमा पर है। जहां एक ओर बेरोजगारी पैर पसारे हुए है। वहीं दूसरी ओर लगातार बढ़ रही महंगाई के चलते आम आदमी का जीवन यापन करना दूभर हो रहा है। रसोई गैस सिलेंडर, शक्कर, तेल, दाल सहित घरेलू उपयोग में आने वाली सभी सामग्री के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार की कमर टूट गई है। पहले देखा जाता था कि त्यौहारों के अवसर पर लोगों के घरों से बनने वाले पकवानों की मिठास सड़को तक फैलने से नही चूकती थी। मगर भाजपा के शासन काल में लोगों के घरों से वह मिठास गायब होने के साथ हाल यह बना हुआ है कि अब गरीब व मध्यम वर्ग के लोग त्यौहार के मौके पर अपने घरों में आने वाले महमानों के लिये चाय बनाने के लिये भी सोच में पढ़ने से नही चूक रहे है। यदि सत्ताधारी पार्टी की मनमानी इस तरह जारी रही तो निश्चित तौर से आने वाले समय में गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को त्यौहारों के दौरान अपने घरों में पकवान बनाने के लिये लोन उठाने के लिये मजबूर होना पडेगा। इसी प्रकार से कांग्रेस नेता गौतम पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार ने जिस तरह जनता के बीच जो बादे किये गये थें उन्हें भुला दिया गया है और युवा पीढ़ी से लेकर आमजन को परेशानियों के बीच खड़ा कर दिया गया है। हाल यह बना हुआ है कि बेरोजागारों के लिये रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिये नौकरिया तो निकाली जाती है। मगर वह पेपर पहले ही बिक चुके होते है। वही दूसरी ओर लगातार बढ़ रही महंगाई का हाल यह बना हुआ है कि लोगों के घरों में दो वक्त की रोजी बन पाना मुश्किल हो रहा है। देश से लेकर प्रदेश की जनता को महंगाई के दलदल में धकेल दिया है। अच्छे दिन का वादा करने वाली सरकार ने गरीबों के मुंह से निवाला छीनने का काम किया है। यह सरकार मात्र उद्योगपतियों को फायदा पहुंचा रही है और आम जनता पर महंगाई का बोझ लाद रही है। क्योंकि पेट्रोल डीजल के साथ साथ अन्य दैनिक उपयोगी वस्तुओं के दाम बढ़ने से हर चीज महंगी हो गई है। वही दूसरी ओर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सतीश सैनी ने कहा कि अगर जल्द ही महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया तो कांग्रेस उग्र आंदोलन कर सड़कों पर उतरकर सरकार को जगाने का काम करेगी। सत्ताधारी पार्टी द्वारा चुनाव के पहले बेरोगारों से लेकर किसानों सहित आमजन के हितों के लिये जो वादे किये गये थें आज तक वह शायद ही पूरे हुये हो..? मगर महंगाई का हाल यह बना हुआ है कि लोगों को दो वक्त की रोजी मुश्किल हो रही है। इस तरह कांग्रेस द्वारा निकाली गई जन आक्रोश रैली के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जो सरकार निकम्मी है, वो सरकार बदलनी है और महंगाई कम करो जैसे जमकर नारे लगाते हुये सुनाई दे रहे थें। रैली में कांग्रेस नेता विनोद राजोरिय जिला सदस्य मोना कौरव,नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजीव दुबे, चीचली ब्लॉक अध्यक्ष गिरजा शंकर कौरव, साईं खेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष लखन पटेल, नगर अध्यक्ष राजीव दुबे, योगेश पटैल, अवधेश रूसिया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता जायसवाल, विधान सभा अध्यक्ष शाश्वत राय, कांग्रेस नेता उमेश नीरस, उमा गुप्ता, बंटू गुप्ता, मुकेश गुप्ता, गोले गुप्ता, पुरूषोत्तम कौरव, प्रियंका चादनी दीक्षित, छोटेरजा कौरव, मुकेश गुप्ता, अवदेश रूसिया, गोलू गुप्ता, सेवादल प्रभरी सौरभ जैन, अध्यक्ष सूरज राय, कपिल कौरव तिलक चौहान, मनीष कौरव, आयुष जैन, कपिल, अभिषेक कौरव, के के गुर्जर, राजा पटैल,बाल गोविंद कौरव, सुरेन्द्र कौरव, कृष्णकांत कौरव, देवराज कौरव, नेतराम श्रीवास, हजारी ममार, अरविदं कौरव, अनमोल कौरव के आलवा मण्डलम अध्यक्ष संजय कौरव, हंसु राय, मोनू झिरा, राजदीप दुबे, एश राय, मीडिया प्रभारी सुनील दुबे, नेतराम श्रीवास, कैलाश पंड्या, भूपेंद्र कौरव सहित कांग्रेस महिला मोर्चा, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल सहित सभी मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बताया जाता है कि इसी प्रकार से कांग्रेस द्वारा समीपस्थ चीचली, सांईखेड़ा व सालीचौका में भी विरोध प्रदर्शन किया गया है।

खबर संक्षेप

राखी बांधकर छात्राओं ने बढ़ाया सम्मान और अपनत्व का भाव

शहपुरा। रक्षाबंधन के अवसर पर नर्मदांचल विद्यापीठ, बरगांव की छात्राओं ने सामाजिक सरोकार से जुड़ी अनूठी पहल की। छात्राओं ने स्वयं तैयार की गई राखियां अस्पताल, पुलिस थाना एवं पत्रकारों के बीच पहुंचकर बांधीं और सेवा, सुरक्षा एवं समाज के प्रति योगदान के लिए सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। छात्राओं ने अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों और कर्मचारियों की कलाई पर राखी बांधी तथा स्वास्थ्य सेवाओं में उनके योगदान के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके बाद छात्राएं शहपुरा थाना परिसर पहुंचीं, जहां थाना प्रभारी अनुराग जानदार सहित पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान जताया। थाना प्रभारी ने छात्राओं को पेन भेंट किए और मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। छात्राओं ने क्षेत्र के पत्रकारों को भी राखी बांधी। पत्रकारों ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए इस पहल की सराहना की।विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में सेवा, सम्मान, सामाजिक जिम्मेदारी और भाईचारे की भावना विकसित करना है। छात्राओं ने संदेश दिया कि रक्षाबंधन का पर्व केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में प्रेम, विश्वास और सद्भाव को मजबूत करने का अवसर भी है। छात्राओं की इस पहल को क्षेत्रवासियों ने सराहा।

सड़क पर गिरे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने कुचला, युवती की

अनूपपुर। सड़क पर बाइक सवार युवक-युवती के गिरने के बाद पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवती की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक सवार युवक घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए हादसे के लिए जिम्मेदार अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक-युवती सड़क से गुजर रहे थे।

रक्षाबंधन पर मुख्यमंत्री को राखी भेज व्यावसायिक प्रशिक्षक बहनों ने उठाई मानदेय व स्थायी सेवा की मांग

शहपुरा। रक्षाबंधन के अवसर पर जिले के शासकीय स्कूलों में कार्यरत व्यावसायिक प्रशिक्षक (VT) बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भारतीय डाक के माध्यम से राखी और स्नेहिल पत्र भेजकर अपनी विभिन्न मांगों की ओर ध्यान आकर्षित किया है। प्रशिक्षकों ने मुख्यमंत्री को भाई मानते हुए राखी स्वीकार करने के साथ ही उनके भविष्य और सेवा सुरक्षा को लेकर ठोस निर्णय लेने की अपील की है। व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने पत्र के माध्यम से बताया कि वे पिछले करीब 10 वर्षों से शासकीय स्कूलों में नवीन व्यावसायिक शिक्षा (NSQF) के तहत विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर रही हैं। लंबे समय से सेवाएं देने के बावजूद मानदेय में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने को लेकर प्रशिक्षकों ने चिंता जताई है। उनके अनुसार वर्तमान में उन्हें करीब 20 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिल रहा है और वे आउटसोर्स व्यवस्था के तहत कार्य कर रही हैं। प्रशिक्षक बहनों ने मुख्यमंत्री से मानदेय बढ़ाकर 38,600 से 40 हजार रुपये प्रतिमाह करने तथा महंगाई के



अनुरूप प्रतिवर्ष मानदेय वृद्धि का प्रावधान करने की मांग की है। साथ ही आउटसोर्स व्यवस्था समाप्त कर 62 वर्ष की आयु तक सेवा सुरक्षा प्रदान करने वाली स्थायी जॉब पॉलिसी लागू करने की मांग भी पत्र में रखी गई है। इसके अलावा सवैतनिक मातृत्व अवकाश, चिकित्सा सुविधाओं का लाभ तथा स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से सीधे मानदेय भुगतान की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई है। प्रशिक्षकों का कहना है कि करीब एक दशक से वे विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा देने में अपनी भूमिका निभा रही हैं, ऐसे में उनकी सेवा और भविष्य की सुरक्षा को लेकर सरकार द्वारा सकारात्मक पहल की जानी चाहिए। रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री को भेजी गई राखी के माध्यम से प्रशिक्षक बहनों ने अपने सेवा संघर्ष और अपेक्षाओं को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर सेवा सुरक्षा, सम्मान और मानदेय वृद्धि के संबंध में सकारात्मक निर्णय लेंगे।

गुरु रविदास की 650वीं जयंती वर्ष पर निकली भव्य कलश वंदन यात्रा

शहपुरा। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर समरसता अभियान के तहत सारंगपुर सहित छह गांवों में भव्य कलश वंदन यात्रा निकाली गई। सारंगपुर फुलवाही कुटरई बिलगढ़ा बदगिरी और कनेरी में आयोजित यात्रा में महिलाओं युवाओं बुजुर्गों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।श्रद्धालु सिर पर सजे कलश लेकर भजन कीर्तन करते हुए गुरु रविदास महाराज के जयघोष के साथ गांव के प्रमुख मार्गों से निकले। यात्रा के दौरान जगह जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण नजर आया। यात्रा के माध्यम से ग्रामीण अंचल में आध्यात्मिक चेतना के साथ सामाजिक एकता और सद्भाव का संदेश दिया गया।

आयोजन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि गुरु रविदास महाराज ने समाज को समानता प्रेम भाईचारे और मानवता का मार्ग दिखाया। उनके विचारों ने सामाजिक भेदभाव को दूर कर सभी वर्गों को एकता के सूत्र में जोड़ने की प्रेरणा दी। श्रद्धालुओं ने गुरु रविदास महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने और समाज में सद्भाव एवं समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया।यात्रा में महिलाओं और युवाओं की विशेष सहभागिता रही। सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भी आयोजन में भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से गुरु रविदास महाराज के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कलश वंदन यात्रा ने श्रद्धा के साथ सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रेरणादायी संदेश दिया।

सम्मान और शुभकामनाओं के साथ एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा को विदाई

शहपुरा। एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत खंडवा के पद पर पदोन्नति होने पर राजस्व विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में भावभीनी विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ऐश्वर्य वर्मा के शहपुरा में सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए दो वर्ष के कार्यकाल को याद करते हुए उनके प्रशासनिक योगदान एवं कार्यशैली की सराहना की गई। समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं विभाग प्रमुखों ने कहा कि ऐश्वर्य वर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रशासनिक दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करते हुए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया। उनके कार्यकाल में राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों ने उनके उज्जवल भविष्य एवं नई जिम्मेदारी में सफलता की कामना की। इस अवसर पर ऐश्वर्य वर्मा ने भी शहपुरा में अपने

कार्यकाल के दौरान सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी समर्पण और जिम्मेदारी के साथ प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन अश्विनी साहू एवं आनंद डेहरिया ने किया। समारोह में एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा, श्रद्धा शुक्ला, तहसीलदार आरपी मार्को, प्रभारी तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी, नायब तहसीलदार तेजलाल धुर्वे, बीआरसीसी गुरु साहू, जयंत असराटी, आरआई सुखदेव भवेदी, पटवारी आनंद डेहरिया, मयंक गुप्ता, इब्राहिम बोरिया, शिव कृपाल साहू, सोहन साहू, मीनू सिंह, संदीप छीपा, प्रमोद रैकवार सहित समस्त पटवारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

राजस्व कार्यों में लापरवाही पर कलेक्टर की कार्रवाई, 9 कर्मियों की वेतनवृद्धि रोकी

डिंडौरी। राजस्व कार्यों के निर्धारित दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही और लंबित प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। कलेक्टर ने 9 राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों की एक वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के आदेश जारी किए हैं।

जानकारी के अनुसार 17 जुलाई 2026 को आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में ई-रजिस्ट्रेशन, आधार आरओआर, सीमांकन सहित विभिन्न राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई थी। समीक्षा के दौरान कई कार्यों में अपेक्षित प्रगति

नहीं पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, निर्धारित दायित्वों के गंभीरता से निर्वहन तथा कार्यों की स्थिति स्पष्ट करते हुए जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे।इसके बाद 22 जुलाई को संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया। निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1965 के नियम-10 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की।

इन कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई

कार्रवाई की जद में राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र मरकाम, हेमंत उईके, संजय मरकाम, सुखदेव सिंह भवेदी, बलसिंह बल्को एवं तीरथ प्रसाद संत तथा पटवारी संजय परस्ते, शैलेन्द्र मार्को एवं विजय नेताम शामिल हैं। इन सभी की एक वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के आदेश जारी किए गए हैं।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में लापरवाही, उदासीनता अथवा निर्धारित दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने राजस्व अमले को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी तरीके से पूरा करने तथा लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

आकांक्षी विकासखंड बजाग की समीक्षा बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर-योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

डिंडौरी/बजाग। नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा चयनित आकांक्षी विकासखंड बजाग की प्रगति की समीक्षा के लिए बुधवार को जनपद पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिव्यांशु चौधरी ने की। इस दौरान आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत निर्धारित स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं बुनियादी सुविधाओं से जुड़े सभी 38 संकेतकों की बिंदुवार समीक्षा की गई।बैठक में जिला योजना अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, जनपद पंचायत बजाग के सीईओ श्री सचिन अग्रवाल, जिला योजना कार्यालय से अभिषेक बंसल, नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक फेलो डॉ. विकास जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पर्यवेक्षक, संकुल प्राचार्य एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी उपस्थित रहे।समीक्षा के दौरान बेहतर प्रदर्शन वाले संकेतकों के साथ उन क्षेत्रों पर भी चर्चा की गई, जहां अपेक्षित सुधार की आवश्यकता है। अधिकारियों के साथ आगामी कार्ययोजना पर मंथन करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि आकांक्षी विकासखंड बजाग शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं। बैठक से बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष फोकस

स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान गर्भवती एवं धात्री महिलाओं से आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से नियमित संपर्क बनाए रखने और उनके पोषण आहार की सतत निगरानी के निर्देश दिए गए। लो बर्थ वेट शिशुओं की संख्या कम करने के लिए उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान कर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।इसके अलावा टीबी रोगियों की सक्रिय पहचान, निक्षय पोषण किट उपलब्ध कराने एवं नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। SAM एवं MAM श्रेणी के कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर आवश्यकता अनुसार पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती कराने को भी प्राथमिकता देने के लिए कहा गया। सभी शासकीय कार्यालयों में विभागवार रोस्टर तैयार कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

शिक्षा व्यवस्था में सुधार के निर्देश

शिक्षा विभाग की समीक्षा में बीआरसी एवं संकुल प्राचार्यों को विद्यालयों में शिक्षकों की कमी का आकलन कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रशिक्षित शिक्षकों की व्यवस्था तथा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया।पिछले वर्ष 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की अलग सूची तैयार कर उनके लिए नियमित रेमेडियल कक्षाएं संचालित करने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में हर घर नल-जल योजना की प्रगति, बारिश के मौसम में अनाज के सुरक्षित भंडारण एवं फंगस से बचाव, आजीविका मिशन के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़ने तथा जन्म-मृत्यु पंजीयन का समय पर अनुमोदन सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई।मलेरिया संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर स्वच्छता संबंधी आवश्यक उपाय करने तथा एफएमडी वैक्सीनेशन का कार्य पोर्टल पर दर्ज न होने की स्थिति में ऑफलाइन माध्यम से भी शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। अधिकारियों को योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग कर जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।

वरिष्ठ पेंशनरों ने किया भगवान शिव का अभिषेक मां नर्मदा का जल लेकर त्र्यंबकेश्वर मंदिर पहुंचे

डिंडौरी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार 27 अगस्त को बारिश के बीच जिला मुख्यालय के वरिष्ठ पेंशनरों ने धार्मिक आयोजन में सहभागिता की। वरिष्ठ पेंशनरों ने शंकर घाट पहुंचकर मां नर्मदा का विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसके बाद मां नर्मदा का जल लेकर सभी पंक्तिबद्ध होकर सिविल लाइन स्थित प्राचीन त्र्यंबकेश्वर मंदिर पहुंचे।मंदिर पहुंचकर वरिष्ठ पेंशनरों ने भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन किया और मां नर्मदा के जल से भगवान शिव का अभिषेक किया। इसके उपरांत उपस्थित वरिष्ठजनों ने सामूहिक रूप से शिव चालीसा का पाठ किया। बारिश के बावजूद आयोजन में वरिष्ठ पेंशनरों का उत्साह देखने को मिला।मंदिर समिति के सदस्य एवं संगठन के ब्लॉक सचिव सीताराम पाण्डेय तथा नगर परिषद के वार्ड पार्षद एवं पेंशनर महेंद्र दाहिया ने उपस्थित वरिष्ठजनों का स्वागत किया। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर एवं कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष जागेश्वर पड़वार ने सभी वरिष्ठजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।आयोजन में संगठन के वरिष्ठ सलाहकार प्रीतम प्रसाद शुक्ला पंडित हीरालाल दुबे केपी खम्परिया राज नारायण दीक्षित राममूरत सिंह ठाकुर गुरु प्रसाद मिश्रा श्यामलाल साहू संदीप चौरसिया एसके शर्मा एवं रामगोपाल तिवारी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पेंशनर उपस्थित रहे।

राशन वितरण में पारदर्शिता पर जोर, 34 हजार से अधिक हितग्राहियों की ई-केवाईसी बाकी

कलेक्टर रत्नाकर झा ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

अनूपपुर। कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में गुरुवार को कलेक्टर रत्नाकर झा ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की योजनाओं और विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में खाद्यान्न की पर्याप्त उपलब्धता, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सुचारु एवं पारदर्शी राशन वितरण तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि राशन वितरण व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और इसकी सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिले के गोदामों की भंडारण क्षमता, खाद्यान्न की उपलब्धता, उठाव और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से प्रतिमाह होने वाले खाद्यान्न वितरण के साथ छात्रावासों, आंगनबाड़ी केंद्रों और मध्यान्ह भोजन योजना के लिए खाद्यान्न आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जिले में चावल की मांग, प्रचलन और वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने तथा जरूरत होने पर शासन को तत्काल मांग पत्र भेजने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम और मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना की समीक्षा में बताया गया कि जिले के 20 निर्धारित सेक्टरों में वाहनों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों तक राशन पहुंचाया जा रहा है। कलेक्टर ने परिवहन व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने के लिए निर्धारित रूट चार्ट का शत-प्रतिशत पालन कराने तथा राशन वितरण में लगे वाहनों की जीपीएस के माध्यम से लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए।

बैठक में पात्र हितग्राहियों की ई-केवाईसी की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में कुल 1 लाख 16 हजार 407 पात्र हितग्राहियों में से 81 हजार 595 की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है, जबकि 34 हजार 812 हितग्राहियों की ई-केवाईसी अभी शेष है। कलेक्टर श्री झा ने शेष हितग्राहियों की ई-केवाईसी निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

परिवहन विभाग ने वसूला 30 हजार का जुर्माना

नरसिंहपुर। जिले में यातायात नियमों के पालन एवं यात्री वाहनों की सुरक्षित संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा यात्री वाहनों की चेकिंग की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल के नेतृत्व में टीएसआई मयंक गुप्ता द्वारा नरसिंहपुर में संचालित यात्री वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 10 बसों एवं 2 अन्य वाहनों सहित कुल 12 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इन वाहनों से कुल 30 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। परिवहन विभाग द्वारा वाहन चालकों एवं संचालकों को यातायात एवं परिवहन नियमों का पालन करने, आवश्यक दस्तावेज साथ रखने तथा यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

मंत्री श्री पटेल आगमन आज

नरसिंहपुर। प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शुक्रवार 28 अगस्त को प्रात 08:45 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर प्रातः 09:45 बजे जिले के गोटेगांव आएंगे।

शराबी विक्रय को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

नरसिंहपुर। गत दिवस ग्राम पंचायत सगौनी खुर्द के ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने गांव में शराब की अवैध बिक्री को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। शिकायत में कहा गया है कि हाल ही में पंचायत सभा कक्ष में शराबबंदी को लेकर निर्णय लिया गया था। इसके बावजूद, गांव में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कथित रूप से अवैध शराब बेची जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि शराब की बिक्री के कारण गांव में आए दिन विवाद और अशांति का माहौल बन रहा है। साथ ही, उन्हें आशंका है कि इसका बच्चों और युवाओं पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इस मामले में धनराज, रामसिंह, लोटन, सतेन्द्र, वीरेंद्र, शुभम सहित अन्य ग्रामीणों ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने एसपी से मामले की जांच कराने, गांव में अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की अपील की है।

आई.जी.ओ.टी. पोर्टल के प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर्स होंगे तैयार

नरसिंहपुर। आई.जी.ओ.टी. पोर्टल के प्रभावी उपयोग एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने जिले के सभी जिला अधिकारियों, अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक विभाग से ऐसे दो अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जाए, जिनका आई.जी.ओ.टी. पोर्टल पर लॉगिन हो रहा हो तथा जिन्हें कम्प्यूटर का यथोचित ज्ञान हो। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिकारी-कर्मचारी अपने-अपने विभाग में मास्टर ट्रेनर के रूप में अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आई.जी.ओ.टी. पोर्टल के संबंध में प्रशिक्षण एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

श्रीमती आरती गुप्ता का निधन

नरसिंहपुर। गत दिवस नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती आरती गुप्ता का

लंबी बीमारी के चलते देहावसान हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार नकटुआ मुक्तिधाम में किया गया जहां पर समाज के सभी वर्गों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

शानू चौधरी को एस डी एम का प्रभार

तेंदूखेड़ा। कलेक्टर नरसिंहपुर द्वारा तेंदूखेड़ा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में पदस्थ पूजा सोनी को नरसिंहपुर एस डी एम तथा तहसील कार्यालय तेंदूखेड़ा में प्रभारी तहसीलदार के रुप में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर शानू चौधरी को आगामी आदेश तक तेंदूखेड़ा एस डी एम तथा बोहानी में पदस्थ नायब तहसीलदार श्रीमती नीलम श्रीवास को तेंदूखेड़ा तहसीलदार का दायित्व सौंपा गया है।

खाद्य विभाग की दस्तूरी कार्रवाई जारी

मिठाई व खोवा के दुकानों से लिए नमूने

जिले का खाद्य विभाग कुंभकर्णी नींद से जागा हुआ नजर आ रहा है। कलेक्टर के आदेश के बाद खाद्य विभाग द्वारा जांच पड़ताल कर जांच के लिए नमूने लिए जा रहे है। प्रशासन का मानना है कि लोगों को शुद्ध खाने के सामग्री प्राप्त हो सके जिस हेतु खाद्य विभाग द्वारा जांच की जाती है। लेकिन जिले का खाद्य विभाग वर्ष में एक दो बार ही जागता है।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले मे नागरिकों को अच्छी गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री प्राप्त हो इसके लिए, सरकार द्वारा खाद्य विभाग बना गया है। लेकिन जिले मे पदस्थ खाद्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा पूरे वर्ष भर दुकानदारों से वसूली करने के बाद त्यौहार पर कलेक्टर के आदेश पर जांच रूपी नौटंकी कर जांच की जाती है। त्यौहार निकलने के बाद किसी प्रकार की कोई सुध विभाग द्वारा नही ली जावेगी। खाद्य विक्रेताओं द्वारा धड़ल्ले से दूषित व मिलावटी सामग्री का विक्रय किया जावेगा। जबकि सरकार की मंशा है कि नागरिकों को जांच की हुई और साफ स्वच्छ सामग्री मिल रही होगी लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने का कार्य किया जा रहा है।

त्योहारों मे खुलती है नींद

जिले मे पदस्थ खाद्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा केवल त्यौहार के समय उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर ही नींद खुलती है इसके अतिरिक्त साल भर तसल्ली के साथ कुम्भकर्णीय नींद मे विभाग सोता रहा है। अधिकारियों के निर्देश के उपरांत की जाने वाली कार्रवाई मे भी विभाग के जिम्मेदारों द्वारा सैंपल लेकर इति श्री कर ली जाती है और पूरे साल भर दुकानों से वसूली जारी रहती है। नगर की प्रत्येक किराना तथा मिष्ठान भंडार से खाद्य निरीक्षकों द्वारा वूसली की जाती है। इनकी सांठ गांठ इतनी मजबूत होती है कि शिकायत पर जांच के नाम पर भी लीपापोती की जाती है। जबकि सरकार द्वारा नागरिकों को बेहतर खाद्य सामग्री मिले तथा समय समय पर उनकी जांच हो इसके लिए विभाग बनाया गया है लेकिन विभाग वसूली मे व्यस्त रहता है।

प्रशासन करे ठोस कार्रवाई

जिले मे पदस्थ खाद्य विभाग के कर्मचारियों को प्रतिदिन टास्क देकर जांच करने के निर्देश उच्च अधिकारियों द्वारा दिए जाने चाहिए तथा इनकी संपत्ति की भी जांच की जानी चाहिए। किराना तथा मिष्ठान भंडार से की जाने वाली वसूली पर भी मुख्य फोकस बनाकर इनकी निगरानी की जानी चाहिए। दुकानदारों को डरा धमका कर खाद्य निरीक्षकों द्वारा की जाने वाली वसूली का परिणाम यह होता है कि दुकानदार लोगों को मिलावटी खाद्य सामग्री धड़ल्ले से विक्रय करता रहा है और उसे पूरा विश्वास होता है कि मेरी दुकान पर छापा नही पड़ेगा क्योंकि खाद्य निरीक्षक से सांठगांठ है तथा उन्हे नजराना भी दिया गया है। प्रशासन को चाहिए कि खाद्य विभाग के कर्मचारियों पर ठोस कार्रवाई करे जिससे लोगों को शुद्ध खाद्य सामग्री मिल सके। जिले का खाद्य विभाग इतना लापरवाह है कि साल में एक दो बार ही नींद खोलता है बांकी समय कुंभकर्णी नींद में सोया रहता है। प्रशासन को चाहिए की ऐसे अधिकारी कर्मचारियों की भी जांच होनी चाहिए। त्यौहार में सर्वाधिक दुकानों पर मिठाई का विक्रय किया जा रहा है। विभाग द्वारा दस्तूरी कार्रवाई करते हुए दो चार दुकानों की जांच की नमूने एकत्र किए गए है। शेष दुकानों की जांच क्यों नही की जा रही है।

इन दुकानों पर की गई जांच

कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में रक्षा बंधन त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा दूध, मावा एवं मिठाइयों में मिलावट के विरुद्ध जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के करेली एवं नरसिंहपुर में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न मिठाई दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती कविता राठौर एवं सुश्री सारिका दुबे द्वारा हरिहर स्वीट्स से खोवा, गुजराती स्वीट्स से कुंदा के पेड़े तथा भगवती बीकानेर मिष्ठान भंडार से कलाकंद एवं मलाई के पेड़े के नमूने लिए गए। वहीं सिंहपुर बड़ा में खोवा विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षण किया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों द्वारा त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए निरीक्षण एवं जांच की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे जाएंगे तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने त्यौहार के अवसर पर जिले के समस्त खाद्य विक्रेताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित मिठाइयों का विक्रय करने के निर्देश दिए हैं।

खो-खो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जिला शिक्षा अधिकारी के वार्षिक खेल कैलेंडर सत्र 2026-27 के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन एवं जिला के क्रीड़ा अधिकारी के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय खो-खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन असेंबली हॉल खो-खो ग्राउंड नरसिंहपुर में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। आयोजन के दौरान खेल शिक्षकों एवं निर्णायकों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कीचड़ भरे रास्ते से मुक्तिधाम जाने को मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले से ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं और विकास के दावों की जमीनी हकीकत बयां करती एक बेहद दुखद और शर्मनाक तस्वीर सामने आई है। ग्राम पंचायत बांसखेड़ा के गांव भूत पिपरिया का है, जहां पक्की सड़क न होने के कारण ग्रामीणों को अंतिम यात्रा के दौरान भी भारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसने प्रशासनिक दावों की धज्जियां उड़ा दीं। कदम-कदम पर फिसलते पांव और दलदल में फंसती गाड़ियां इस बात का सबूत हैं कि यहां जीवन तो कठिन है ही, मृत्यु के बाद का सफर भी बेहद पीड़ादायक बन चुका है। ग्रामीणों के अनुसार, बारिश के मौसम में यह पूरा कच्चा मार्ग

जलभराव के कारण पूरी तरह दलदल में बदल जाता है। सामान्य दिनों में भी यहां से निकलना आसान नहीं होता, लेकिन बारिश में स्थितियां बद से बदतर हो जाती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वे पिछले कई वर्षों से मुक्तिधाम तक पक्की सड़क का निर्माण कराने के लिए पंचायत से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल खोखले आश्वासन ही मिले। इस वीडियो के वायरल होने के बाद स्थानीय पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने एक बार फिर जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि समस्या का संज्ञान लेकर मुक्तिधाम मार्ग का शीघ्र अति शीघ्र निर्माण कराया जाए।

वैदिक परम्परा के अनुसार श्रावणी उपाकर्म हुआ सम्पन्न

तेंदूखेड़ा। वैदिक परम्परा का अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण संस्कार श्रावणी उपाकर्म क्षेत्र के वैदिक ब्राह्मणों द्वारा नर्मदा तट पर सम्पन्न किया गया।सभी ब्राम्हणों ने विधिवत मंगलाचार के साथ जलाशय कर्म में तीर्थ पूजन पंचगव्य प्राशन ज्ञात अज्ञात समस्त पाप दोषों की निवृत्ति के लिए हेमाद्रि संकल्प गण स्नान किया। भस्म मृत्तिका गोमय आदि से स्नान के बाद अपामार्ग कुशा दूर्वा आदि से मार्जन किया। स्नानांग तर्पण मध्यान्ह संध्या सूर्य उपस्थान ब्रह्म यज्ञ तर्पणआदि क्रियाओं के बाद संस्कार स्वाध्याय के क्रम में गणेश कलश पूजन उपरांत सप्तर्षियों का पूजन किया गया। यज्ञोपवीत का विधिवत पूजन कर सभी विद्वानों ने देवताओं और अपने पितरों को यज्ञोपवीत समर्पित करके नवीन यज्ञोपवीत धारण किया। ऋषि तर्पण के साथ ऋषि वंश वाचन अध्धयन क्रम में वेद मंत्र पाठ ऋषि श्राद्ध के बाद देव विसर्जन किया गया।यह आयोजन नर्मदा क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्वान आचार्य डाक्टर देवव्रत पाराशर के संयोजन एवं आचार्यत्व में वेद विधि के साथ सम्पन्न हुआ। आचार्य पाराशर ने कहा कि श्रावणी उपाकर्म सनातन का अति महत्वपूर्ण महापर्व है। श्रावणी उपाकर्म ज्ञात अज्ञात पापों के प्रायश्चित सुसंस्कारों के विकास स्वाध्याय एवं वैदिक ज्ञान की प्रेरणा देने वाला पर्व है। इसमें कर्मकांड पूजन पाठ से जुड़े लोगों के अलावा अन्य सभी द्विजों को और हमारी नई पीढ़ी को भी सम्मिलित होना चाहिए।हमारे क्षेत्र के विद्वान पौरोहित्य कर्मकांड स्नातक आचार्य प्रमोद पचौरी ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि श्रावणी उपाकर्म आत्म शुद्धि आध्यात्मिक उत्थान स्वाध्याय संस्कृति और परम्पराओं के संरक्षण ऋषियों के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान व्यक्त करने बाला पर्व है।श्रावणी उपाकर्म के तीन पक्ष हैं। संकल्प संस्कार और स्वाध्याय। सर्वप्रथम हेमाद्रि संकल्प में ज्ञात अज्ञात गुरु लघु स्थूल सूक्ष्म पापों और दोषों की निर्वृत्ति के लिए प्रायश्चित गण स्नान किया जाता है। संस्कार पक्ष में ऋषि पूजन तर्पण यज्ञोपवीत पूजन एवं नूतन यज्ञोपवीत धारण ऋषि श्राद्ध स्वाध्याय पक्ष में ऋषि वंश का बाचन वेदों का स्वाध्याय की परम्परा है।श्रावणी उपाकर्म में ब्राह्मणों के अलावा क्षेत्र के अन्य लोग भी सम्मिलित रहे।

काचरकोना में हुआ वृक्षारोपण

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस महामृत्युंजय नर्मदा सेवा समिति एवं वृक्ष मित्र परिवार के संयुक्त प्रयासों से पर्यावरण और माँ नर्मदा के संरक्षण के लिए निरंतर समर्पित समिति द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है।पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ ग्राम काचरकोना स्थित खेरापति मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।अशोक आंवला अनार सहित अनेक फलदार व छायादार पौधे रोपे गए। जिसमें धर्मप्रेमी प्रकृतिप्रेमी बंधुओं ने रोपे गए पौधों की सुरक्षा और उनके संवर्धन का संकल्प लिया।समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी समिति निरंतर सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। नियमित रूप से माँ नर्मदा शुद्धिअभियान तथा व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

भारी बारिश के बीच बूंद-बूंद पानी को तरसे गौरा देवी वार्ड के रहवासी
दो दिनों से नलों में नहीं आया पानी, टैंकर के भरोसे वार्डवासी

गोटेगांव। नगर में लगातार तेज बारिश होने के बावजूद गौरा देवी वार्ड के रहवासी पिछले दो दिनों से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। नलों में पानी नहीं आने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के दौरान जलसंकट ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।रहवासियों के अनुसार नल-जल योजना के ठप होने से घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में नगर पालिका द्वारा टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। टैंकर पहुंचते ही महिलाएं और बच्चे बर्तन लेकर पानी भरने के लिए दौड़ पड़ते हैं।बारिश के मौसम में भी लोगों को पीने के पानी के लिए इस तरह जद्दोजहद करनी पड़ रही है, जिससे नगर की जलापूर्ति व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वार्डवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द नियमित जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है।

सड़क पर उतरी कांग्रेस का हल्ला बोल, किया विरोध प्रदर्शन

गोटेगांव। देशभर में बेलगाम हो रही महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने सड़क पर उतरकर सरकार के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। गोटेगांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन रैली निकालकर महंगाई का पुरजोर विरोध किया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वारका सिंह राजपूत के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया।*कांग्रेस का आरोप -*कांग्रेसियों ने कहा कि आज आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। शक्कर के दाम आसमान पर हैं, रसोई गैस टंकी 1200 के पार, एथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल से गाड़ियां खराब हो रही हैं और माइलेज घट रहा है, ऊपर से बिजली के भारी-भरकम बिलों ने जनता की कमर तोड़ दी है।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि सरकार महंगाई पर लगाम लगाने के बजाय जनता पर नया बोझ डाल रही है। त्योहारों के सीजन में भी आम परिवार को राहत नहीं मिल रही है।ब्लॉक अध्यक्ष द्वारका सिंह राजपूत ने कहा कि अगर जल्द महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पावन श्रावण मास भर चला मानस गान

तेंदूखेड़ा। हमारी धर्म सनातन आध्यात्मिक संस्कृति के चलते गांव गांव श्री राम चरित मानस गान पूरे श्रावण मास भर संपूर्ण क्षेत्र में जारी रहा। देवस्थलों से लेकर घरों घर लोगों ने मासपरायण के साथ अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया गया वहीं संगीतमय सुंदरकांड पाठों का आयोजन भी जारी रहा जिसमें श्रोता श्रद्धालुओं के साथ सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा।

बरहटा में दो साल बाद भी छह मोहल्ले प्यासे, सीसी रोड तोड़कर डाली जा रही पाइप लाइन, नल-जल योजना की कार्यप्रणाली और गुणवत्ता पर उठाए सवाल

गोटेगांव। शासन की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना बरहटा ग्राम पंचायत में ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनती नजर आ रही है। ग्रामीणों के अनुसार योजना शुरू हुए करीब दो वर्ष बीत जाने के बावजूद गुप्ता, नामदेव, पटवा, राजभर, गिरदोनिया और यादव मोहल्लों में अब तक नलों से जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। इससे इन मोहल्लों के लोग आज भी पेयजल के लिए परेशान हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि योजना का कार्य मनमाने तरीके से किया जा रहा है। हाल ही में बनी लाखों रुपये की सीसी रोड को बीच से तोड़कर पाइपलाइन डाली जा रही है। ग्रामीणों के विरोध के बाद कार्यदायी एजेंसी के कर्मचारियों ने भूमिगत मशीन से पाइपलाइन डालने के दौरान

पाइप अधिक गहराई में चले जाने का हवाला दिया।गुणवत्ता पर भी सवालग्रामीणों के अनुसार कई स्थानों पर महज एक फीट की खुदाई कर मेन लाइन और नल-जल योजना की पाइपलाइन एक ही नाली में डाल दी गई है। इससे वाहनों के दबाव के कारण पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है।वहीं, बारिश के दौरान खुली खुदाई के कारण रास्तों पर कीचड़ और फिसलन की स्थिति बन गई है। इससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीण नारायण पांडे सहित अन्य नागरिकों ने कलेक्टर से नल-जल योजना की गुणवत्ता, पाइपलाइन की गहराई और कार्यप्रणाली की जांच कराने की मांग की है। साथ ही सभी मोहल्लों में तत्काल जलापूर्ति शुरू कराने तथा क्षतिग्रस्त सीसी रोड की मरम्मत कराने की मांग की गई है।